# शराब कारोबारी व खनन ठेकेदारों को धमकी देकर रंगदारी मांगने वाली गैंग का पर्दाफाश

## चित्रकूट नगर थाना पुलिस ने 9 बदमाशों को दो हथियार व 6 जिंदा कारतूसों के साथ गिरफ्तार किया



चित्रकूट नगर पुलिस ने रंगदारी वसूलने वाली गैंग का पर्दाफाश करते हुए 9 बदमाशों को दबोचा।

- बदमाशों ने जेल में बंद अपने साथियों से संपर्क साधने के लिए दो मोबाइल फोन खरीदे थे
- चिन्हित लोगों पर फायरिंग करने की प्लानिंग जेल में बैठकर ही रच ली थी इस शातिर गिरोह ने

**जयपुर** । चित्रकूट नगर थाना पुलिस ने शराब कारोबारी व खनन व्यवसायी को धमकी देकर रंगदारी वसूलने वाली गैंग का पर्दाफाश करते हुए 9 बदमाशों को दो मामलों में गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपितों के कब्जे से दो हथियार व 6 जिंदा कारतूस बरामद करते हुए बड़ी सफलता हासिल कि है। पुलिस ने पूर्व में भी 14 आरोपितों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की थी। पुलिस ने आरोपितों के कब्जे से एक देशी कट्टा व एक जिंदा कारतूस और जेल में अपने अपराधी साथियों के उपयोग में लेने के लिए जेल में फेंकने के लिए खरीदे गए 2 मोबाइल फोन बरामद किए थे।

पुलिस आयुक्त बीजू जॉर्ज जोसफ के सुपरविजन में कैलाश चंद विश्नोई अतिरिक्त पुलिस आयुक्त प्रथम ने बताया कि बताया की जयपुर में संगठित आपराधिक गैंग के नाम पर जान से मारने की धमकी देकर फिरोती मांगने की बढ़ रही वारदातों पर अंकुश लगाने के लिए विशेष टीम का गठन किया गया था। इस पर चित्रकूट थाना पुलिस ने विशेष टीम के माध्यम से पूर्व में भी 14 आरोपितों को देशी कट्टा व एक जिंदा कारतूस व जेल में फेकने के लिए खरीदे गए दो मोबाइल फोन बरामद किए थे।

चित्रकूट थाना पुलिस ने अजमेर जेल हाई सिक्यूरिटी जेल से प्रोडक्सन वारंट पर विक्रम गुर्जर (28) गांव बामड़ा जोहडा, खण्डेला, सीकर निवासी, मुकेश जाट (26) ढ्राणी लखावाली, गांव अमरसर, शाहपुरा निवासी, कुलदीप चौधरी (33) इन्द्रा कॉलोनी, सुभाष मंडी, नीमकाथाना को गिरफ्तार किया था। आरोपितों ने पुलिस पूछताछ में बताया कि सीकर संभाग एवं आसपास के इलाको के ठेके तथा खनन कार्य से जुड़े लोगों को धमकी देने व एक्सट्रोशन की प्लानिंग की जा रही है।

इस पर आरोपितों की धरपकड़ के लिए वैशाली नगर अधिकारी रविंद्र सिंह व चित्रकूट थाना अधिकारी जहीर अब्बास ,दौलतपुरा थानाधिकारी मनीष शर्मा, डीएसटी इंचार्ज गणेश नारायण व तकनीकी टीम का विशेष गठन कर वैशाली नगर पश्चिम द्वार कार्रवाई करते हुए सोनू सिंह (25) सुरेली, बनेठा, टोंक निवासी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपित के कब्जे से एक रिवाल्वर,एक देशी कट्टा तथा 6 जिंदा कारतूस बरामद किए है।

पुलिस ने सोनू सिंह के सहयोगी लोकेश साहू उर्फ मोदी (27) शेरपुर,सवाईमाधोपुर निवासी, गिरधारी मान गांव रानीपुरा, मानावली ढ्राणी, शाहपुरा निवासी, हंसराज गुर्जर (19) नागकुण्ड भगोवा, गोकुलपुरा, सीकर निवासी, जयसिंह राव (30) दादिया, अराई अजमरे निवासी, कुलदीप वैष्णव (24) आजाद नगर मदनगंज, किशनगढ़ निवासी को गिरफ्तार किया।

पुलिस पूछताछ में सामने आया है कि जय सिंह का काम गैंग को वाहन उपलब्ध करवाना था तथा गैंग के अन्य सदस्य चिन्हित लोगों तथा ठिकानों पर फायरिंग करने की योजना थी। लेकिन पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपितों की योजना को विफल कर दिया।

पुलिस पूछताछ में सामने आया है कि मुल्जिम विक्रम गुर्जर ,मुकेश जाट अजमेर हाई सिक्यूरिटी जेल में ही मुल्जिम सोनू सिंह,लोकेश साहू उर्फ मोदी ,गिरधारी मान, हंसराज गुर्जर,जयसिंह राव, कुलदीप वैष्णव व जयसिंह के साथ मिलकर षड़यंत्र रचा और खनन व्यवसायी व शराब कारोबारियों को चिन्हित कर उन पर फायरिंग करने की प्लानिंग रची थी। सोनू सिंह का काम गैंग को हथियार उपलब्ध करवान था। लोकेश साहू उर्फ मोदी एवं गिरधारी मान नाबालिक लड़कों को तैयार कर गैंग से जोड़ना व फर्जी सिम उपलब्ण करवाना था। जयसिंह गैंग के लिए वाहन उपलब्ध करवाता था।

बताया जा रहा है कि चित्रकूट थाने में बंद मुकेश जाट वर्ष -2020 में अमरसर जयपुर ग्रामीण इलाके में हुए सरपंच ओमप्रकाश सैनी हत्या कांड तथा राजू ठेहठ मर्डर केश में मुल्जिम है।

कुलदीप चौधरी आनन्दपाल का सहयोगी रहे चुका है। जिसने आनन्दपाल को न्यायालय से पेशी के दौरान भागने में सहायता की थी। कुलदीप चौधरी ने राजू ठेहठ के मर्डर की जेल में रहते प्लानिंग की थी। इसी के कारण राजू ठेहठ हत्या कांड में दो जेल कर्मी योगेश व विरेंद्र को भी गिरफ्तार किया गया था। विक्रम गुर्जर राजू ठेहठ हत्या कांड में मुल्जिम है।

# मंत्री जोराराम ने लॉन्च किए जयपुर डेयरी के 6 उत्पाद



**जयपुर** । पशुपालन, डेयरी व गौपालन मंत्री जोराराम कुमावत ने जयपुर सरस डेयरी के 6 उत्पाद लॉन्च किए। उन्होंने जयपुर डेयरी द्वारा चलाई जा रही "चल प्रयोगशाला" द्वारा दूध की गुणवत्ता बनाये रखने को महत्वपूर्ण बताते हुए इनकी संख्या बढ़ाने के लिए कहा। जयपुर डेयरी द्वारा उरमूल, बीकानेर के गाय के दूध "थार अमृत" को लॉन्च करते हुए जोराराम कुमावत ने कहा कि उपभोक्ताओं को गाय का शुद्ध और पौष्टिक दूध उपलब्ध कराना पुण्य का काम है। गृह एवं गोपालन राज्यमंत्री जवाहर सिंह बैढम ने कहा कि राजस्थान में डेयरी विकास की अपार संभावनाएं हैं, जिन्हें तलाशने में सहकारी डेयरियों की महत्ती भूमिका है। प्रमुख शासन सचिव विकास सीताराम भाले ने कहा कि जयपुर डेयरी को गाय के दूध के साथ-साथ उच्च गुणवत्तायुक्त और शुद्ध गाय के घी की भी लॉन्चिंग करनी चाहिये। राजस्थान को-ऑपरेटिव डेयरी फैडरेशन की प्रबन्ध संचालक सुषमा अरोड़ा कहा कि आने वाले दिनों में सरस के कुछ और प्रोडक्टस की भी लॉन्चिंग की जावेगी, जिसमें ऊंटनी के दूध से बने बिस्कुट और कैमल मिल्क पाउडर शामिल है। जयपुर डेयरी अध्यक्ष ओम पूनियां ने डेयरी के 50 वर्षों की विकास यात्रा का उल्लेख करते हुऐ पिछले कुछ वर्षों के दौरान जयपुर डेयरी की उपलब्धियों को रेखांकित किया और भविष्य की योजनाओं पर प्रकाश डाला।

उन्होंने मांग की कि गुजरात की अमूल डेयरी के जैसे जयपुर डेयरी को पूर्ण स्वायत्तता दी जानी चाहिये ताकि वह अपने व्यापार से संबंधित निर्णय स्वयं ले सके। जयपुर डेयरी के प्रबन्ध संचालक मनीष फौजदार ने सभी गणमान्य अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर जयपुर डेयरी द्वारा छाछ के दो नये फलेवर पोदीना छाछ और तड़का छाछ की लान्चिंग के साथ-साथ आईसक्रीम के तीन नये फलेवर वनीला शुगर फ्री, अमेरीकन नटस और स्ट्रोबेरी की लान्चिंग की गई।

इसके अलावा बीकानेर की उरमूल डेयरी के गाय के दूध थार अमृत की भी लान्चिंग की गई। उन्होंने कहा कि 250 एमएल छाछ के दोनों फलेवर 15 रुपये प्रति पैक दी दर से उपलब्ध होंगे जबकि गाय का 500 एमएल दूध 28 रुपये में और 1 लीटर दूध 56 रुपये में उपलब्ध होगा।

# जैन समाज के असक्षम लोगों को लघु उद्योगों से जोड़ने पर चर्चा



भारतवर्षीय दिगम्बर जैन महासभा का राष्ट्रीय अधिवेशन संपन्न हुआ।

**जयपुर** । जयपुर स्थित भट्टारकजी की नसियां में श्री भारतवर्षीय दिगम्बर जैन महासभा का राष्ट्रीय अधिवेशन एवं केंद्रीय कार्यकारिणी की बैठक आयोजित हुई। जैन महासभा, राजस्थान अंचल के अध्यक्ष कमल बाबू जैन और राष्ट्रीय अध्यक्ष गजराज गंगवाल की अगुवाई में सभी पदाधिकारियों ने झंडारोहण के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

अध्यक्ष कमल बाबू जैन ने बताया कि पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष स्व. निर्मल कुमार सेठी ने समाज, धर्म, सम्पूर्ण भारत वर्ष में समाज को एक मंच लाने, जनकल्याणकारी योजनाओं शुरू करने, युवाओं को जोड़ने, मंदिरों के रख रखाव तथा जीर्णोधार के कार्य और पुरातत्व का संरक्षण के कार्य किए थे। महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष गजराज गंगवाल ने बताया कि जैन समाज के असहाय वर्गो को लाभान्वित करने के लिए धन की कमी नहीं आने दी जायेगी। महामंत्री प्रकाश बड़जात्या ने बताया कि बैठक का प्रमुख एजेंडा अक्षम लोगों को आगे बढ़ाना और उनके सर्वांगीण विकास के लिए लघु उद्योग व्यवस्था चालू करने के प्रस्तावों पर चर्चा करना रहा। कार्याध्यक्ष रमेश जैन तिजारिया ने युवाओं को एकजुट होने की आवश्यकता पर जोर दिया। धर्मचंद पहाड़िया ने बताया कि महासभा द्वारा देशभर में 700 मंदिरों का जीर्णोद्धार कराया है, जिनमें सबसे ज्यादा 150 मंदिर राजस्थान के हैं। कार्यक्रम में एन. के .जैन महामंत्री तीर्थ संरक्षिणी , महामंत्री सुरेंद्र कुमार बडजात्या उगरियावास वाले, राजेंद्र शाह उदयपुर, सुभाष पाटनी, सुंदर लाल डागरिया, महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विकेश मेहता बांसवाड़ा, दिल्ली से डॉ. निर्मल जैन, सुमित जैन, विकास जैन, अशोक चूड़ीवाल गुवाहाटी, ज्ञानचंद जैन रायपुर, कैलाश रारा छत्तीसगढ़, विशिष्ट अतिथि सी .पी .जैन पहाड़िया, शिखर चंद कासलीवाल, स्थानीय संस्थाओं के पदाधिकारी एनके जैन पूर्व न्यायाधीश एनके सेठी, श्री महावीर जी अतिशय क्षेत्र के अध्यक्ष सुधांशु कासलीवाल, अन्तर्राष्ट्रीय रत्न व्यवसायी विवेक काला, उमरावमल संघी, प्रेमचंद छाबड़ा भागचंद जैन मित्रपुरा समेत कई लोग मौजूद थे।

# घर के बाहर कार में बैठी स्कूल टीचर से दिनदहाड़े लूट

**जयपुर**। शिप्रा पथ इलाके में घर के बाहर कार में बैठी प्राइवेट स्कूल टीचर से बदमाश दिनदहाड़े ज्वेलरी लूट ले गए। पुलिस जानकारी में सामने आया है कि रास्ता पूछने के बहाने बाइक सवार तीन बदमाश कार के पास आकर रुके। इसमें से एक बाइक से उतरा और कार में बैठी टीचर के पास गया। रास्ता पूछने के बहाने पहले तो गले से चेन तोड़ी, हड़बड़ी में चेन कार में ही गिर गई। इसके बाद बदमाश ने कलाई से ब्रेसलेट खींच ली और बाइक पर बैठकर फरार हो गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में जुटी है। पुलिस ने बताया कि शिप्रा पथ निवासी सुनीता जैन रविवार दोपहर साढे 3 बजे अपने 7 साल के बेटे अयांश के साथ पार्क जाने के लिए कार में बैठी थी। अयांक और मैं दोनों सीट बेल्ट लगा रहे थे। तभी बाइक पर तीन लड़के आए। एक लड़का नीचे उतरा और पता पूछने के बहाने कार के पास आया और मेरे गले पर झपट्टा मारा तो मैंने उसका हाथ पकड़ लिया। इस जद्दोजद्द में चेन टूटकर कार में नीचे गिर गई। इसके बाद बदमाश ने मेरे हाथ पर दोबारा झपट्टा मारा और ब्रेसलेट तोड़कर भाग छूटे।

# जलदाय योजनाओं के बेहत्तर प्रबंधन के लिए पोर्टल लॉन्च



**जयपुर** । जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री कन्हैया लाल ने सोमवार को जल भवन में विभाग की जनकल्याणकारी योजनाओं के बेहतर प्रबंधन तथा समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन के लिए विभाग के नवीन आईटी पोर्टल कार्य प्रबंधन प्रणाली एवं राजस्थान जेजेएम डेशबोर्ड लॉन्च किया।

उन्होंने कहा कि पोर्टल को चरणबद्ध रुप से विभाग में लागू किया जाएगा, जिससे न केवल योजनाओं को गति मिलेगी, बल्कि बेहतर वित्तीय नियोजन और गुणवत्ता सुनिश्चित की जा सकेगी। जलदाय मंत्री ने कहा कि प्रथम चरण में खण्ड कार्यालयों द्वारा समस्त दस्तावेजों को अपलोड करने के साथ-साथ विभिन्न योजनाओं में निर्माणाधीन पानी की टंकियों, पंप हाउस, पाइप लाइनों आदि की वर्तमान निर्माण स्थिति अपडेट की जाएगी। द्वितीय चरण में सभी कार्यों की निर्माण स्थितियां मोबाइल एप के माध्यम से अपडेट की जाएंगी, जिससे जीआईएस पर वास्तविक कार्य स्थिति की जानकारी मिल पाएगी। तृतीय चरण में मेजरमेंट के लिये जीआईएस आधारित ई-एमबी काम में ली जाएगी और ऑनलाइन बिल जनरेशन व सबमिशन व्यवस्था लागू की जाएगी।

उन्होंने बताया कि अन्तिम चरण में गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिये डीजिटल इन्स्पेक्शन, ऑनलाइन परचेज आर्डर, सैम्पल टैस्टिंग रिक्वेस्ट, हिंडरेंस मैनेजमेंट आदि फीचर भी पोर्टल मे उपलब्ध करवाए जाएंगे।

जलदाय सचिव डॉ. समित शर्मा ने कार्य प्रबंधन प्रणाली पोर्टल के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि इस पोर्टल के माध्यम से सटीक व्यय विवरण, कार्य की प्रगति तथा कार्य निष्पादन की गति की जानकारी मिलेगी, जिससे वित्तीय आवश्यकताओं का तार्किक अनुमान मिलेगा और योजनाओं का बेहतर वित्तीय प्रबंधन संभव होगा। विभागीय खण्ड कार्यालयों में बजट का वितरण वास्तविक कार्य प्रगति के आधार पर किया जाना संभव होगा, जिससे स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा मिलेगा। पोर्टल से संवेदकों की जवाबदेही भी सुनिश्चित होगी और ऑनलाइन ईएमबी और बिलिंग प्रणाली होने से उन्हें भुगतान के लिए इधर-उधर नहीं जाना पडेगा। साथ ही कार्य संबधी सभी आवश्यक दस्तावेज जैसे समस्त स्वीकृतियां, निविदा दस्तावेज, वर्क ऑर्डर, रनिंग बिल, परीक्षण रिपोर्ट, खरीद आदेश, भंडार पोर्टल पर सुलभ होंगे। उन्होंने कहा कि पीएचईडी डब्ल्यू.एम.एस पोर्टल जलप्रदाय योजनाओं के क्रियान्वयन की गुणवत्ता सुधारने और उनके समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित करने में मददगार साबित होगा। कार्यक्रम में जल जीवन मिशन के एमडी बचनेश अग्रवाल, संयुक्त शासन सचिव (प्रथम) प्रवीण लेखरा सहित विभाग के मुख्य अभियंता उपस्थित रहे।

# सार-समाचार

## नर्सिंग कर्मचारियों ने पौधारोपण किया



**जयपुर** । राजस्थान नर्सेज एसोसिएशन एकीकृत के प्रदेश अध्यक्ष पवन कुमार के जन्मदिवस पर सम्पूर्ण राजस्थान में एसोसिएशन के बैनर तले 1001 पौधे लगाकर प्रकृति पर्यावरण सुरक्षा का संकल्प लिया गया। अपने जन्मदिवस पर नर्सेज समाज व प्रदेश के आम नागरिकों से अधिक से अधिक वृक्ष लगाने का आग्रह किया। राजधानी जयपुर में निदेशालय, राजस्थान नर्सिंग कौंसिल, चिकित्सालय, जे के लोन चिकित्सालय , जयपुरिया चिकित्सालय नर्सिंग कॉलेज शिफू, एवं विभिन्न जगहों पर वृक्षारोपण किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से निदेशालय चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के निदेशक राकेश शर्मा, रजिस्टॉर भारती, ज्वाइन डायरेक्टर संजय सक्सेना, नर्सिंग अधीक्षक्र सुरेश मीणा, पूर्व रजिस्टॉर शशिकान्त शर्मा, प्रिंसिपल मदन मोहन मीणा, प्रांतीय संयोजक जीतेन्द्र कटारा, संघर्ष समिति अध्यक्ष सोम सिंह मीणा, कार्यकारी अध्यक्ष समोल कुमारी, संयोजक मनोज मीणा, जिला अध्यक्ष आशीष भारद्वाज, राजकुमार तिवारी नर्सेज भर्ती 2023 के प्रदेश अध्यक्ष सियाराम चौधरी, संयोजक शंकर गुर्जर, प्रदीप मीणा, पवन बाकोलिया,राजेश गुर्जर, विजय मीणा एवं नर्सेज नेता मौजूद रहे।

## लंदन में डॉ. महेंद्र मधुप का सम्मान



**जयपुर**। राजस्थान एसोसिएशन यूके की और से रविवार को लंदन के वेंबली में वार्षिक आयोजन जीमण का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एक हज़ार प्रवासी राजस्थानियों ने पारम्परिक वेशभूषा में भाग लिया। समारोह में जयपुर के वरिष्ठ कृषि पत्रकार डॉ. महेंद्र मधुप का पगड़ी पहना कर सम्मान किया गया। डॉ मधुप ने समारोह में भारत के किसान वैज्ञानिकों पर अपना संक्षिप्त उद्बोधन दिया। वार्षिक आयोजन में राजस्थानी भोजन के साथ गीत, संगीत और नृत्य का आयोजन भी किया गया। मधुप ने राजस्थान एसोसिएशन यूके, हरेंद्र सिंह जोधा, दिलीप पुंगलिया और उनकी टीम के साथ विश्वकांत शर्मा के प्रति शुभकांक्षा व्यक्त की।

## बेकाबू रोडवेज बस कई वाहनों से भिड़ी

**जयपुर** । जवाहर नगर थाना इलाके में सोमवार को बर्फ खाना चौराहे के पास रोडवेज बस ने तीन कार को एक के बाद एक टक्कर मार दी। घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। इस दौरान करीब आधे घंटे तक जाम लगा रहा। इस हादसे में भाजपा नेता रवि नैय्यर के बेटे की कार को भी टक्कर मार दी। घटना दोपहर करीब 12 बजे की है। इस दौरान बस बस चालक से लोगों ने हाथापाई भी की। कार को टक्कर मारने के बाद अनियंत्रित रोडवेज बस एक स्टॉल से भी टकरा गई। दुर्घटना की जानकारी मिलने पर दुर्घटना थाना ईस्ट से एएसआई ईश्वर सिंह मौके पर पहुंचे और वाहनों को मुख्य सड़क से हटा कर मुख्य मार्ग को दोबारा सुचारु कराया। वही कार मालिकों की ओर से जवाहर नगर थाने में बस चालक के खिलाफ शिकायत दी गई।

## 'टीबी मुक्त' अभियान का तीसरा चरण

**जयपुर** । चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर के निर्देशों पर राजस्थान को वर्ष 2025 तक टीबी मुक्त बनाने की दिशा में प्रतिबद्धता के साथ प्रयास सुनिश्चित किए जा रहे है। इसी दिशा में डॉक्टर्स-डे पर सोमवार से 9 हजार 325 ग्राम पंचायतों में 'टीबी मुक्त ग्राम पंचायत अभियान' का तीसरा चरण शुरू किया गया। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के तहत प्रदेश को टीबी मुक्त बनाने के लिए चिन्हित ग्राम पंचायतों में सक्रिय टीबी रोगी खोज अभियान, सामुदायिक भागीदारी एवं जन जागरूकता बढ़ाने संबंधी विशेष गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। उन्होंने बताया कि वर्ष 2023 में यह अभियान 7 हजार 700 ग्राम पंचायतों में आयोजित किया गया था। इनमें से वर्ष 2023 में 622 ग्राम पंचायतों को भारत सरकार द्वारा "टीबी मुक्त पंचायत" घोषित किया गया है।

## कल्चरल सोसायटी के 66 वर्ष पूर्ण हुए

**जयपुर** (कासं)। राजस्थान की प्रथम पंजीकृत सांस्कृतिक संस्था कल्चरल सोसायटी ऑफ राजस्थान ने अपने 66 वर्ष पूर्ण कर लिए हैं। संस्था के महामंत्री सुरेश त्रिवेदी ने बताया कि पिछले 66 सालों में संस्था ने कई तत्कालीन उदीयमान और आज के प्रसिद्ध कलाकारों को मंच प्रदान कर उत्साहित व स्थापित किया है। इस 66वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में जवाहर कला केन्द्र के रंगायन सभागार में जयवर्द्धन द्वारा लिखित और वरिष्ठ निर्देशक राम सहाय पारीक द्वारा निर्देशित हास्य नाटक "हाय! हैंडसम" का मंचन किया गया है।

# एस.एम.एस. कॉलेज का प्रिंसिपल व अधीक्षक बनने की डॉक्टर्स में होड़

## न्यूरोलॉजी, यूरोलॉजी एचओडी ने प्रिसिंपल बनने के लिए किया आवेदन

- ट्रोमा सेंटर और इमरजेंसी इंचार्ज ने दोनों पदों के लिए फार्म भरा

**जयपुर** (कासं)। राजस्थान के सबसे बड़े सरकारी मेडिकल कॉलेज और हॉस्पिटल सवाई मानसिंह में प्रिंसिपल और अधीक्षक पद के लिए आवेदन आ गए है। प्रिंसिपल के लिए 12 सीनियर डॉक्टरों ने आवेदन किए है, जबकि अधीक्षक पद के लिए 5 से ज्यादा डॉक्टरों ने आवेदन किए है।

इनके अलावा मेडिकल कॉलेज से अटैच हॉस्पिटल जे.के. लोन, कावंटिया, गणगौरी, बनीपार्क सेटेलाइट और सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल एसएमएस के लिए भी एक-एक और दो-दो आवेदन आए है। दिलचस्प बात ये है कि इसमें कई सीनियर प्रोफेसर और एचओडी ने प्रिसिंपल के साथ अधीक्षक पद के लिए भी आवेदन किया है।

सूत्रों के मुताबिक न्यूरोलॉजी डिपार्टमेंट की सीनियर प्रोफेसर और एचओडी डॉ. भावना शर्मा ने सवाई मानसिंह हॉस्पिटल के अधीक्षक पद के साथ ही प्रिंसिपल पद पर भी इंटरव्यू के लिए आवेदन किया है। इनके साथ अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ. अनुराग धाकड़ ने भी दोनों पदों के लिए आवेदन किया है। धाकड़ वर्तमान में ट्रोमा सेंटर के इंचार्ज है।

प्रिसिंपल पद के लिए यूरोलॉजी डिपार्टमेंट के एचओडी डॉ. शिवम प्रियदर्शी, नेफ्रोलॉजी डिपार्टमेंट के सीनियर प्रोफेसर डॉ. विनय मल्होत्रा, मौजूदा कार्यवाहक प्रिंसिपल डॉ. दीपक माहेश्वरी, इमरजेंसी में इंचार्ज डॉ. बीपी मीणा ने भी प्रिंसिपल पद के लिए आवेदन किया है। इनमें मीणा और मल्होत्रा ने तो दोनों पदों प्रिसिंपल और अधीक्षक पद के लिए आवेदन किया है।

इधर अटैच हॉस्पिटल गणगौरी, सैटलाइट बनीपार्क, कावंटियां हॉस्पिटल में अधीक्षक पद के लिए ज्यादा डॉक्टरों ने आवेदन नहीं किया है। इन हॉस्पिटलों में अधीक्षक पद के लिए एक-एक ही आवेदन आए है।

# 'चिकित्सकों के प्रयास अतुलनीय'

**जयपुर** । चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस के अवसर पर सभी चिकित्सकों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। खींवसर ने कहा है कि "आयुष्मान भारत और आयुष्मान राजस्थान" के मुख्य सूत्रधार और धरती पर भगवान का रूप कहे जाने वाले हमारे चिकित्सक राजस्थान तथा देश के जन-जन के स्वास्थ्य की सुरक्षा हेतु हर पल तत्पर हैं। चिकित्सकों के समर्पण व मानव कल्याण की भावना को हम वंदन करते हैं।

# नये जिलों के पुर्णगठन की रिपोर्ट 15 दिन में देगी हाईपावर कमेटी

**जयपुर** । उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचन्द बैरवा ने निर्देश दिए कि नए जिलों के पूर्णगठन के लिये गठित उच्च स्तरीय विशेषज्ञ कमेटी 15 दिवस के भीतर सभी व्यवहारिक बिन्दुओं पर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करें। उन्होने स्पष्ट किया कि नए जिलो के गठन का मूल उद्देश्य राजनीति से प्रेरित ना होकर जनहित आधारित होना चाहिये। उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचन्द बैरवा सोमवार को सचिवालय में राजस्व विभाग के साथ नए जिलों के पुर्नगठन को लेकर आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होने राजस्व विभाग के अधिकारियो को निर्देश दिए कि नए जिलों के पुर्नगठन की प्रक्रिया आमजन की सुविधा को ध्यान में रखकर, आधारभूत सुविधाओं की उपलब्धता, भौगालिक स्थिति, जनसंख्या के आधार पर हो।

# प्रदेश के 5471 विद्यार्थियों को 4 वर्ष तक प्रति माह 1000 रु. मिलेंगे

## नेशनल मीन्स कम-मेरिट स्कॉलरशिप स्कीम चयन परीक्षा-2024 का परिणाम जारी




शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने सोमवार को स्कॉलरशिप स्कीम परीक्षा में मैरिट प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को फोन करके बधाई दी।

**जयपुर** (कासं)। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने सोमवार को शिक्षा संकुल में नेशनल मीन्स कम-मेरिट स्कॉलरशिप स्कीम चयन परीक्षा 2024 का परिणाम जारी किया।

नेशनल मीन्स कम-मेरिट स्कॉलरशिप स्कीम परीक्षा 2024 में 1 लाख 2 हजार 355 परीक्षार्थियों ने आवेदन किया था, जिनमें से 81 हजार 163 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए। राजस्थान राज्य का कोटा 5471 है जिन्हें मेरिट के आधार पर चयनित किया गया।

इस अवसर पर शिक्षा मंत्री ने 97.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर मेरिट में प्रथम स्थान पर रहे राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, सियोलो की ढाणी, जोधपुर के छात्र भंवरलाल, 91.6 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय स्थान पर रही। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, सेरूणा, बीकानेर की छात्रा लीला गोदारा एवं 90 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान पर रहे राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय गुन्दाओ जालौर के छात्र सचिन कुमार को मोबाईल पर बधाई दी। उन्होंने तीनों विद्यार्थियों से उनके भविष्य की योजनाओं के बारे में संवाद किया। प्रथम स्थान पर रहे भंवरलाल ने बताया कि वह सिविल सर्विसेज में जाना चाहता है, द्वितीय स्थान पर रही लीला गोदारा ने अध्यापक बनने की बात कही और सचिन कुमार ने कलक्टर बनने की इच्छा जताई। सोमवार को ही एनएमएमएस प्रचार प्रसार हेतु राष्ट्रीय साधन सह मेधावी छात्रवृत्ति योजना के पोस्टर का विमोचन भी किया गया।

इस अवसर पर शासन सचिव, स्कूल शिक्षा कृष्ण कुणाल, विशिष्ट शासन सचिव चित्रा गुप्ता निदेशक, माध्यमिक शिक्षा आशीष मोदी, निदेशक प्रारम्भिक शिक्षा सीताराम जाट, कविता पाठक निदेशक, राजस्थान राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद उदयपुर, अतिरिक्त राज्य परियोजना निदेशक पूनम प्रसाद सागर सहित शिक्षा विभाग के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। सभी जिलों के मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी व जिला नोडल अधिकारी माध्यमिक मुख्यालय एनएमएमएस इस कार्यक्रम से ऑनलाइन लिंक के माध्यम से जुड़े रहे। एनएमएमएस प्रभारी व राज्य नोडल अधिकारी कपिला कंठालिया ने बताया कि इस परीक्षा का परिणाम शाला दर्पण पोर्टल पर उपलब्ध रहेगा शाला दर्पण के एनएमएमएस टैब में जाकर रिजल्ट ऑप्शन में रोल नंबर व जन्म दिनांक डालने पर अंक तालिका डाउनलोड की जा सकती है।